# अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस

[स्रोत: पी.आई.बी.]

भारत सरकार ने [सौर ऊर्जा] पर विशेष ध्यान देने के साथ सतत् ऊर्जा पद्धतियों के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए **3 मई, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस (International Sun Day) मनाया।**

- [जलवायु परिवर्तन] को कम करने में सौर ऊर्जा की महत्त्वपूर्ण भूमिका के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिये **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय** ने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में **'रन फॉर सन' मैराथन** का आयोजन किया।
  - ऊर्जा मंत्रालय ने **अखिल भारतीय स्तर पर एक अंतर-विद्यालय सौर कला प्रतियोगिता (सोलार्ट प्रतियोगिता)** की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विद्यार्थियों में सौर ऊर्जा के विषय में जागरूकता बढ़ाना है।
- आकर्षक झाँकियों और प्रदर्शनों के माध्यम से **नागरिकों को सौर ऊर्जा के** महत्त्व **के विषय में शिक्षित** करने के लिये छह भारतीय शहरों में सोलर स्टॉप स्थापित किये गए थे।
- अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस को विश्व स्तर पर **सूर्य के महत्त्व** को स्वीकार करने तथा एक सतत् एवं पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा स्रोत के रूप में **सौर ऊर्जा को बढ़ावा** देने के अवसर के रूप में मान्यता प्राप्त है।

**और पढ़ें:** [भारत का सौर ऊर्जा सपना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-sun-day